

## अवैध शराब, सट्टा और यातायात नियम उल्लंघन पर पुलिस की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेन्द्र तारणेकर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन में जिलेभर में विशेष कार्रवाई की गई। विभिन्न थानों द्वारा 11 गिरफ्तारी वारंट, 40 जमानती वारंट एवं 70 समन न्यायालयों के तामील किए गए। अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाते हुए जावर, मूंदी एवं मांधाता थाना क्षेत्रों में कार्रवाई कर 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से देशी शराब और कच्ची महुआ शराब जब्त की गई, जिनके विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए गए। थाना मोघट क्षेत्र में सट्टा लिखते हुए एक आरोपी को पकड़कर सट्टा पर्चियां एवं नगदी जब्त कर सट्टा एक्ट में कार्रवाई की गई। वहीं यातायात नियमों के उल्लंघन पर विशेष अभियान चलाकर बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना नंबर प्लेट एवं अन्य नियम तोड़ने वाले 47 वाहन चालकों पर एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 20,600 रुपये समन शुल्क वसूला गया। साथ ही 39 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** एकात्म मानव दर्शन के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा विधि प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने कोर्ट के समीप स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रदेश सहसंयोजक देवेंद्र सिंह यादव एवं जिला संयोजक मोहन गंगराड़े के नेतृत्व में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पंडित उपाध्याय के विचारों को स्मरण करते हुए उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानववाद की विचारधारा समाज के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त करती है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को शरीर के सुख के लिए धन-धान्य, मन के सुख के लिए मान-सम्मान, बुद्धि के सुख के लिए ज्ञान तथा आत्मा की शांति के लिए आध्यात्मिक मूल्यों की प्राप्ति का महत्व बताया गया है। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद करते हुए समाजहित में कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में अजित चौहान, पुष्पा गौर, किरण तंवर, मंजू तंवर, महेंद्र यादव, रजनीश सोनी, द्वारकदास आसवानी, प्रणय गुप्ता, विन्रम गंगराड़े, सुनील आर्य, जसवंत परमार, शिवकुमार बारिया, नवीन हनवे, मनोज फूलमाली, राज राव, नरेंद्र बोरयाले सहित अन्य अधिवक्ता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रक्तदान जागरुकता रैली और रक्तदान शिविर




नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** रक्तदान के प्रति जनजागरूकता के लिए बुधवार को जिला चिकित्सालय परिसर खण्डवा से नर्सिंग छात्राओं, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, एनसीसी के केडेट्स तथा विभागीय अधिकारी कर्मचारीयों की जनजागृति रैली को विधायक प्रतिनिधि श

मुकेश तनवे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ अनिरुद्ध कौशल, नोडल अधिकारी ब्लड बैंक डॉ अतुल माने, मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ रंजीत बड़ोले, सहायक अधीक्षक डॉ सुनील बाजोलिया, जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. पर्व तिवारी, चिकित्सक व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। रैली के माध्यम से रक्तदाताओं को जागरुकता का संदेश देते हुए रक्तदान करने की अपील की गई। यह रैली नगर निगम, बॉम्बे बाजार, बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशन से मछली बाजार, जलेबी चौक से होती हुई जिला चिकित्सालय परिसर खण्डवा में सम्पन्न हुई।

**रक्तदान शिविर में 27 यूनिट रक्तदान हुआ** –नोडल अधिकारी ब्लड बैंक डॉ. अतुल माने ने बताया कि रक्तदान के प्रति जागरुकता के उद्देश्य से बुधवार को जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में जय महाराणा रक्तदान समूह, मानव अधिकार सेवा समिति, मानव अधिकार सहायता संघ व अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा अधिकारी कर्मचारी ने कुल 27 यूनिट रक्तदान किया।

## गर्भवती महिलाओं की समय पर जांच सुनिश्चित करें :कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** ओंकारेश्वर में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ऋष्व गुप्ता ने पुनासा विकासखण्ड के अधिकारियों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं का प्रसवपूर्व स्वास्थ्य परीक्षण निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था के नौ माह में कम से कम चार बार स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी जोखिम की स्थिति में महिला को उच्च स्तरीय अस्पताल में रेफर कर उपचार कराया जाए। कलेक्टर ने एनीमिक गर्भवती महिलाओं पर विशेष ध्यान देने, संस्थागत प्रसव बढ़ाने और मातृ व शिशु मृत्यु दर कम करने के लिए प्रभावी प्रयास करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य जांच से संबंधित जानकारी पोर्टल पर नियमित रूप से दर्ज करने पर भी जोर दिया गया। लापरवाही पाए जाने पर कई स्वास्थ्य कर्मचारियों के वेतन काटने, कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं विभागीय जांच के निर्देश दिए गए। बैठक में विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा भी की गई।

# महा–आयोजन की महा–तैयारी

**● सिंहस्थ 2028 के लिए ओंकारेश्वर का होगा कायाकल्प ● 6 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए मास्टर प्लान तैयार**



नवभारत न्यूज

**ओंकारेश्वर।** आगामी सिंहस्थ 2028 के महाआयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने अभी से कमर कस ली है। ओंकारेश्वर में जुटने वाले अनुमानित 5 से 6 करोड़ श्रद्धालुओं की सुविधा और सुगम दर्शन के लिए एक वृहद मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। ममलेश्वर लोक परियोजना के निरस्त होने के बाद, मंदिर क्षेत्र के विस्तार, सड़क चौड़ीकरण और विशाल होल्डिंग एरिया के निर्माण को लेकर प्रशासन, संतों, जनप्रतिनिधियों और नगरवासियों की पहली अहम संयुक्त बैठक संपन्न हुई। प्रशासन के अनुसार, 2016 के सिंहस्थ में यहाँ लगभग 50 लाख श्रद्धालु आए थे, लेकिन 2028 में प्रतिदिन 2 से 3 लाख श्रद्धालुओं के दर्शन करने का अनुमान है।

**जूना महल हटेगा, बनेंगे विशाल होल्डिंग एरिया:** वर्तमान में मंदिर और घाटों के संकरे मार्गों के कारण दर्शन की गति काफी धीमी रहती है और आपात स्थिति में निकासी एक बड़ी चुनौती है। इससे निपटने के लिए जूना महल को हटाकर एक आधुनिक दो मंजिला होल्डिंग एरिया बनाने का निर्णय लिया गया है। पुराने पुल बड़ चौक से मंदिर तक और ममलेश्वर मंदिर से भक्त निवास एवं झूला पुल को जोड़ने वाले मार्गों के दोनों ओर की इमारतों को हटाकर रास्ता चौड़ा किया जाएगा। नए होल्डिंग एरिया इस तरह डिजाइन किए जाएंगे कि भीड़ बढ़ने पर एक साथ पचास हजार से एक लाख श्रद्धालुओं को वहां सुरक्षित रोका जा सके।

**प्रभावित परिवारों को मिलेंगे फ्लैट और नई दुकानें:** विकास की इस रूपरेखा में ममलेश्वर और ओंकारेश्वर क्षेत्रों को मिलाकर कुल 150 मकान, 246 दुकानें, 7 धर्मशालाएं और 2 होटल प्रभावित होंगे। कलेक्टर ऋषभ गुप्ता ने स्थानीय लोगों को आश्वस्त किया है कि विस्थापित होने वाले दुकानदारों को नई दुकानें और परिवारों को फ्लैट दिए जाएंगे। यदि भूमि के क्षेत्रफल में कोई अंतर आता है, तो उचित मुआवजा भी प्रदान किया जाएगा। इसके लिए निर्माण एजेंसियों को तत्काल मैदानी सर्वे शुरू करने के निर्देश दे दिए गए हैं।

**भीड़ के अनुसार लागू होगा चरणबद्ध ट्रैफिक प्लान:** ब्रॉडगेज रेलवे और नेशनल हाईवे की कनेक्टिविटी बढ़ने से वाहनों की संख्या में 50% तक की भारी वृद्धि होने की संभावना है। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय ने स्थिति को संभालने के लिए चरणबद्ध ट्रैफिक प्लान पेश किया है। एक से तीन लाख श्रद्धालुओं की संख्या होने पर कोठी मोटक्का क्षेत्र में पार्किंग कराई जाएगी। भीड़ तीन से पांच लाख होने पर पार्किंग का दायरा सनावद, बड़वाह और पुनासा तक बढ़ाया जाएगा। इससे अधिक भीड़ होने पर इंदौर, देवास, खरगोन, हरदा और बैतूल मार्गों पर ही वाहनों को डायवर्ट और नियंत्रित किया जाएगा। व्यवस्था के लिए 135 जवानों वाले नए ट्रैफिक पुलिस स्टेशन का प्रस्ताव मुख्यमंत्री को भेजा गया है।

**स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग:** बैठक में संत समाज और स्थानीय नेताओं ने प्रमुखता से अपनी बात रखी। महंत मंगलदास त्यागी ने इस पूरी योजना पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए स्पष्ट किया है कि स्थानीय लोगों की सहमति और भागीदारी के बिना इतनी बड़ी योजना सफल नहीं हो सकती। उन्होंने प्रशासन को अवगत कराया है कि आगामी 19 फरवरी को नगरवासियों की एक विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में मंदिर विस्तार, विस्थापन और सुविधाओं के निर्माण से जुड़े मुद्दों पर स्थानीय रहवासियों की राय ली जाएगी। वहां से जो भी निष्कर्ष और महत्वपूर्ण सुझाव निकलेंगे, उन्हें एक प्रस्ताव के रूप में प्रशासन को सौंपा जाएगा ताकि विकास योजना में स्थानीय हितों का पूरा ध्यान रखा जा सके। वहीं पंडित निलेश पुरोहित ने विस्थापितों को नगर परिषद सीमा के भीतर ही प्लॉट देने की पुरजोर मांग की। वहीं, पंडित नवलकिशोर शर्मा ने सभी निर्माण योजनाओं को समय सीमा के भीतर पूरा करने पर जोर दिया ताकि आयोजन के समय कोई अव्यवस्था न फैले।

## पूनमचंद गुप्ता कॉलेज में वित्तीय साक्षरता सेमिनार आयोजित

**नवभारत न्यूज, खंडवा।** पूनमचंद गुप्ता व्यावसायिक महाविद्यालय में 11 फरवरी को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्रायोजित वित्तीय साक्षरता, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं साइबर ठगी विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में संजय सजकन, अग्रणी प्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक, भोपाल तथा एसआर गजरे उपस्थित रहे। दोनों वक्ताओं ने विद्यार्थियों को सुरक्षित बैंकिंग प्रणाली, डिजिटल लेन-देन की सावधानियां तथा साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के संबंध में विस्तृत एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की छात्रसंघ अध्यक्ष नम्रता गांगुली द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य दीपेश आर उपाध्याय, प्रबंधक सतीश पटेल, सौरभ बिसेन, महावीर जैन, श्री पवन पाटीदार, प्रियंशी जायसवाल एवं दिया हिंदूजा उपस्थित रहे। सेमिनार में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अंत में महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रति आभार व्यक्त किया गया।




## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दौरे को लेकर तैयारियां तेज

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव आगामी 14 फरवरी को खंडवा जिले के पंधाना विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर आ रहे हैं। इस हाई-प्रोफाइल दौरे के दौरान मुख्यमंत्री पंधाना के सीएम राइज स्कूल मैदान में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे और क्षेत्रवासियों को करोड़ों रुपये लागत के विभिन्न विकास कार्यों की बड़ी सौगात देंगे।

इस बड़े आयोजन को लेकर प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू कर दी हैं।

गुरुवार को आला अधिकारियों ने किया कार्यक्रम स्थल का सघन निरीक्षण किया।



मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए प्रशासनिक अमला पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। आयोजन की व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद करने के लिए पंधाना विधायक के साथ कलेक्टर ऋषभ गुप्ता, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय और जिला पंचायत सीईओ नागार्जुन गौड़ा सहित जिले के तमाम आला अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का सघन मुआयना किया। अधिकारियों ने मौके पर ही मंच निर्माण, वीआईपी व आमजन की पार्किंग, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा घेरा, पेयजल, निर्बाध विद्युत आपूर्ति और जनसुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित विभागों को समय-सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूरी करने के सख्त निर्देश दिए।

**पिछड़े पंधाना को विकास के लगेंगे नए पंख :** पंधाना विधायक ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री के इस दौरे से क्षेत्र में वर्षों से लंबित विकास कार्यों को अभूतपूर्व गति मिलेगी। स्वास्थ्य, शिक्षा और सिंचाई जैसी बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से पंधाना के समग्र विकास को एक नई दिशा मिलेगी। पुलिस और जिला प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है।

## अखिल भारतीय अग्नि शिखा मंच द्वारा हिंदी काव्य संगोष्ठी संपन्न

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** हिंदी के प्रचार-प्रसार को समर्पित भव्य काव्य संगोष्ठी का आयोजन अखिल भारतीय अग्नि शिखा मंच द्वारा कोपरखैरने, देविका रो हाउस, नवीं मुंबई में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध प्लेबैक सिंगर एवं शून्य से शिखर फाउंडेशन की अध्यक्ष चंद्रकला सिंह ने की, जबकि श्रीलंका से पधारी मुख्य अतिथि अतीला कोतलावल ने हिंदी शिक्षा और उसकी वैश्विक प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि के रूप में खंडवा से आ. केबी मंसारे और उत्तराखंड से वरिष्ठ साहित्यकारा पुष्पलता जोशी उपस्थित रहे। अध्यक्षीय वक्तव्य में डॉ. अलका पांडे ने कहा कि संगोष्ठी का उद्देश्य केवल साहित्यिक चर्चा नहीं बल्कि हिंदी को बच्चों और युवाओं तक पहुँचाकर इसे रोजगारोन्मुख भाषा बनाना है।



कार्यक्रम में हिंदी साहित्य पर कवि पवन तिवारी, रामस्वरूप साहू, डॉ. अलका पांडे, शिवकुमार सिंह, कनकलता तिवारी, सीमा त्रिवेदी, चित्रा गुप्ता, मालती सिंह, चंद्रिका व्यास, डॉ. प्रभा सागर सहित अनेक साहित्यकारों ने अपनी भावपूर्ण रचनाएँ प्रस्तुत की।

आयोजकों ने कहा कि हिंदी हमारी सांस्कृतिक पहचान है और इसे नई पीढ़ी से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। संगोष्ठी का सफल संचालन कुमार जैन ने किया और आभार अश्विन पांडे ने व्यक्त किया। कार्यक्रम ने हिंदी के प्रचार-प्रसार और साहित्यिक संवेदनाओं को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## ओंकारेश्वर में महादेव महोत्सव 15 फरवरी को

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा शिव-साधना और कला-सौंदर्य के दिव्य संगम के रूप में ओंकारेश्वर के नागरघाट पर एक दिवसीय महादेव महोत्सव का आयोजन 15 फरवरी को सायं 6.30 बजे से किया जाएगा। जिला प्रशासन, खंडवा के सहयोग से आयोजित यह महोत्सव शिव-शक्ति, लोकआस्था और सांस्कृतिक चेतना का अनुपम उत्सव होगा। समारोह में खरगोन की सुश्री मनीषा हरीवल्लभ शास्त्री की निमाड़ी लोक गायन की प्रस्तुति होगी, तो खंडवा की सुश्री नंदिनी सावनेर शिव केंद्रित नृत्य नाटिका पेश करेंगी। वहीं, नर्मदापुरम् के श्री आदित्य नारायण परसाई भक्ति गायन की प्रस्तुति देंगे।

## तम्बाकू उत्पाद विक्रय करने वाले 4 दुकानदारों पर लगाया 450 रुपए जुर्माना

**खण्डवा।** श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय खंडवा में तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल एवं तम्बाकू नियंत्रण नोडल अधिकारी डॉ. सुजीत वर्मा ने बुधवार को अस्पताल परिसर एवं 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पाद विक्रय करने पर 4 दुकानदारों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में कोटपा अधिनियम की धारा 6 का उल्लंघन पाए जाने पर कुल 450 रूपए अर्थदंड लगाया गया।

## दिगंबर जैन मंदिरों में सुपार्श्वनाथ भगवान का मनाया मोक्ष कल्याणक महोत्सव

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जैन धर्म में जन्म से ज्यादा मोक्ष को महत्व दिया गया है। इसीलिए सामाजिक बंधु 24 तीर्थंकरों के मोक्ष एवं निर्वाण उत्सव को मनाकर प्रतिमा का अभिषेक शांति धारा कर लाडू चढ़ाते हैं। समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि विगत दिनों सुपार्श्वनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस खंडवा के समस्त दिगंबर जैन मंदिरों में मनाया गया। बजरंग चौक स्थित महावीर दिगंबर जैन मंदिर में भी भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया गया इस अवसर पर इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष दिलीप पहाड़िया के साथ ही श्रद्धालुओं ने रत्न चढ़ित सुपार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा का अभिषेक, शांति धारा कर लाडू चढ़ाकर महा आरती की। इस अवसर पर अध्यक्ष दिलीप पहाड़िया, सचिव सुनील जैन, कोषाध्यक्ष पवन रावका, अनूप बडजात्या, कैलाश गंगवाल, प्रदीप रावका, सतीश पहाड़िया, पुजारी जिनेंद्र जैन सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।

## विहिप ने धर्मपुरी गौशाला में अनियमितताओं का लगाया आरोप

**खंडवा।** शहर में एक गाय को जलाकर मारने की सूचना से बुधवार को हड़कंप मच गया, लेकिन मौके पर जांच के बाद यह खबर अफवाह साबित हुई। विश्व हिंदू परिषद के जिला गोरक्षा प्रमुख छोटू मंत्री ने बताया कि उन्हें उत्तम यादव नामक व्यक्ति से सूचना मिली थी कि किसी ने गाय को जला दिया है। सूचना मिलते ही विहिप पदाधिकारी और पशु चिकित्सक मौके पर पहुंचे और जांच की। जांच में सामने आया कि गाय की मौत कई दिन पहले ही हो चुकी थी और मृत शरीर को कुत्तों व अन्य जानवरों द्वारा नोचने के कारण उसका रंग काला पड़ गया था, जिससे जलाने जैसी स्थिति प्रतीत हो रही थी। पशु चिकित्सक ने भी पुष्टि की कि गाय को जलाया नहीं गया था। इस घटनाक्रम के दौरान विहिप ने धर्मपुरी स्थित एक गौशाला में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया। संगठन का दावा है कि गौशाला संचालक शासन से 130 से 160 गायों के नाम पर अनुदान ले रहा है, जबकि मौके पर केवल 50 से 60 गायें ही मौजूद मिलीं। साथ ही वहां मौजूद गायों की हालत बेहद खराब बताई गई और चारे की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने का आरोप लगाया गया। विहिप पदाधिकारियों ने कहा कि मामला उठाने के बाद ही आनन-फानन में भूसा मंगवाया गया। विहिप ने जिला प्रशासन और कलेक्टर से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही गौपालकों से अपील की गई कि दूध निकालने के बाद गायों को लावारिस न छोड़ें और उनकी उचित देखभाल सुनिश्चित करें।

# निमाड़ को मिल सकती है वंदे भारत की सौगात

## सांसद पाटिल ने लोकसभा में उठाई मांग

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** क्षेत्रीय विकास को लेकर संसद में खंडवा-बुरहानपुर की आवाज एक बार फिर मजबूती से गूंजी है। बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही के दौरान खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने अपने संसदीय क्षेत्र में वंदे भारत ट्रेन चलाने और कृषि उत्पादों के लिए %कार्गो हब बनाने की पुरजोर मांग रखी। इस दौरान केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने सांसद पाटिल की सक्रियता और रेलवे विषयों पर उनकी गहरी समझ की सदन में जमकर सराहना की। रेल मंत्री ने कहा कि सांसद पाटिल रेलवे से जुड़े मुद्दों की अच्छी जानकारी रखते हैं और पूरी सक्रियता के साथ निरंतर फॉलोअप लेते हैं, जिसके परिणामस्वरूप पूर्व में भी इस क्षेत्र को कई ट्रेनों के स्टॉपेज की सौगात मिल चुकी है।

**पर्यटन को रफ्तार देने के लिए वंदे भारत जरूरी :** सदन में अपनी बात को दृढ़ता से रखते हुए सांसद पाटिल ने कहा कि खंडवा-बुरहानपुर रेल मार्ग उत्तर और दक्षिण भारत को जोड़ने वाली एक प्रमुख कड़ी है। खंडवा स्थित तीर्थनगरी ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग और बुरहानपुर के ऐतिहासिक धरोहर स्थलों पर दर्शन के लिए देश-विदेश से लाखों पर्यटक आते हैं। पर्यटकों की इस भारी संख्या और सुविधा को देखते हुए इस रूट से वंदे भारत जैसी अत्याधुनिक ट्रेनें चलाई जानी चाहिए और दोनों प्रमुख स्टेशनों पर उनके स्टॉपेज सुनिश्चित किए जाने चाहिए।

**किसानों के लिए कार्गो हब बनेगा संजीवनी :** कृषि और औद्योगिक विकास को ध्यान में रखते हुए सांसद ने उन्नत रेल लॉजिस्टिक्स सुविधा की भी मांग उठाई। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में केले, सोयाबीन और प्याज की बंपर पैदावार होती है। यदि यहाँ विशेष %कार्गो हब% (माल ढुलाई केंद्र) बना दिया जाता है, तो किसानों की उपज को देश के बड़े बाजारों तक तेज गति से पहुँचाया जा सकेगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई उड़ान मिलेगी। रेल मंत्री श्री वैष्णव ने इन सभी मांगों पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए जल्द ही अधिकारियों के साथ बैठक कर सार्थक निर्णय लेने का आश्वासन दिया है।

## कांग्रेस अजा विभाग जिला प्रभारी पहुंचे खंडवा

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** कांग्रेस अजा विभाग के जिला प्रभारी खंडवा का खंडवा आगमन हुआ ।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अजा विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम( विधायक दिल्ली विधानसभा) एवं अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार (पूर्व राज्य मंत्री दर्जा )के निर्देशानुसार खंडवा एवं बुरहानपुर के नवनियुक्त प्रभारी एवं प्रदेश महासचिव संजीव कुमार गांगुली जी एवं अ जा विभाग के प्रदेश सचिव पप्पू भागीरथ ढाकसे का आगमन हुआ,जिला कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि मंगलवार को सुबह 11-00 बजे खण्डवा पहुचकर सर्वप्रथम डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर 11-30 बजे कार्यकर्ताओं के साथ श्री गांगुली ने नगर निगम चौराहे पर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पहुंचे वहां पर सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओ द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा को माल्यार्पण किया 12 बजे श्री गांगुली ने गांधी भवन पहुंचकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की एवं संगठन को कैसे मजबूत करें इस विषय पर सभी से विचार विमर्श किया। कार्यक्रम मे शहर अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग राहुल वाघ खंडवा जनपद सदस्य प्रतिनिधि धर्मेन्द्र साकल्ले ,जिला आईटी सेल अध्यक्ष राहुल कनाडे एडवोकेट , दशरथ सिसोटे एडवोकेट, सीताराम चक्रवर्ती, संजय मेढेकर, प्रजापति ,ऋतिक भालेराव, पवन तायडे ,राजेंद्र ठाकरे, विशाल तिरतड़े व समस्त कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे उसके पश्चात श्री गांगुली कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता रतन सक्सेना के निवास पर आनंद नगर पहुंचे और उनकी माता जी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदनाएं प्रकट की उसके बाद खरगोन के लिए रवाना हुए।

